卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 231 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦28 मई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


## नये भारत के उदय की गवाह बनेगी नई संसद: मोदी

### प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को समर्पित किया नया संसद भवन

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भव्य कार्यक्रम में नए संसद भवन को देश को समर्पित किया। इस मौके पर उन्होंने नए भवन के निर्माण में लगे श्रमजीवियों को सम्मानित भी किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की और हवन और पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने संसद भवन में सेंगोल स्थापित कर 20 पंडितों से आशीर्वाद लिया। नए संसद भवन का उद्घाटन करने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि आज का दिन हम सभी देशवासियों के लिए अविस्मरणीय है। संसद का नया भवन हम सभी को गर्व और उम्मीदों से भर देने वाला है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह दिव्य और भव्य इमारत जन-जन के सशक्तिकरण के साथ ही राष्ट्र की समृद्धि और सामर्थ्य को नई गति और शक्ति प्रदान करेगी। पीएम मोदी नएसंसद के उद्घाटन मौके पर धोती-कुर्ता पहने हुए नजर आए। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ राष्ट्रपति महात्मा गांधी को नए संसद भवन में पुष्पांजलि अर्पित की।



पीएम मोदी ने कहा कि आज इस ऐतिहासिक अवसर पर कुछ देर पहले संसद की नई इमारत में पवित्र सेंगोल की भी स्थापना हुई है। महान चोल साम्राज्य में सेंगोल को कर्तव्य पथ का, सेवा पथ का, राष्ट्र पथ का प्रतीक माना जाता था। राजा जी और अधिनम के संतों के मार्ग दर्शन में यही सेंगोल सत्ता के हस्तातंरण का प्रतीक बना था। तमिलनाडु से विशेष तौर पर अधिनम के संत भवन में हमें आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित हुए थे। पीएम मोदी ने नई संसद में कहा कि यह नया भवन विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धी होते हुए देखेगा। उन्होंने कहा, नए रास्तों पर चलकर ही नए प्रतिमान गढ़े जाते हैं। आज नया भारत नए लक्ष्य तय कर रहा है। नया जोश है, नई उमंग है, दिशा नई है, दृष्टि नई है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह नया भवन हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के सपने को साकार करने का साधन बनेगा। उन्होंने कहा कि यह नया भवन आत्मनिर्भर भारत के सूर्योदय का साक्षी बनेगा। कहा कि जब भारत आगे बढ़ता है, तो दुनिया आगे बढ़ती है। ये नई संसद भारत के (शेष पृष्ठ सात पर)

## अभिनेता अक्षय कुमार ने जागेश्वर धाम में की पूजा अर्चना

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों देवभूमि उत्तराखंड के दौरे पर हैं। उत्तराखंड में बीते दिनों अक्षय कुमार ने जहां केदारनाथ के दर्शन किए, वहीं बालीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने रविवार सुबह



जागेश्वर धाम पहुंच कर ज्योतिर्लिंग भगवान शिव की पूजा अर्चना कर देश में सुख शांति की कामना की। उनके आने की सूचना मिलते ही (शेष पृष्ठ सात पर)






## करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले बंटी बबली दबोचे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना पुलिस ने जमीन दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपयों की धोखाधड़ी करने वाले पति पत्नी को पंजाब से गिरफ्तार लिया है। मुखानी थाना प्रभारी रमेश बोहरा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों द्वारा जमीन दिलाने के नाम पर अलग-अलग लोगों को झांसे में लेकर जमीन की रजिस्ट्री कराकर बिना दाखिल खारिज कराए करोड़ों का गबन करने के कारण पीड़ितों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर फर्जीवाड़ा व धोखाधड़ी के संबंध में पांच मामले तनुजा पांडे एवं शेखर चंद्र पांडे निवासी ग्राम छड़ैल नयाबाद मुखानी के विरुद्ध दर्ज किए गए थे। थाना प्रभारी रमेश बोहरा ने बताया कि आरोपी पति पत्नी काफी दिनों से फरार चल रहे थे। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम भी गठित की गई थी। टीमों द्वारा आरोपी पति पत्नी की गिरफ्तारी के लिए हरियाणा,चंडीगढ़ व पंजाब में विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गई। टीम के अथक प्रयासों के बाद दोनों पति पत्नी को जीरकपुर पंजाब से गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पति-पत्नी के खिलाफ (शेष पृष्ठ 7 पर)



## धोखाधड़ी के आरोपी जीजा को संरक्षण देने पर साला गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास क्षेत्र में कई लोगों से सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से घर बैठे धन कमाने का लालच देकर करोड़ो की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को अपने घर में संरक्षण देने तथा उसे भगाने में मदद करने वाले उसके साले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आवास चौकी प्रभारी नीमा बोहरा ने बताया कि 10 मार्च 2023 को आवास विकोस निवासी चंद्र प्रकाश शर्मा तथा प्रिया बाठला द्वारा सूचना दर्ज कराई कि धर्मेंद्र उर्फ अमित मलिक पुत्र मुख्तार सिंह निवासी भैंसवाल कलां मिठान, सोनीपत, हरियाणा द्वारा आवास विकास क्षेत्र में ग्लोबल इंडिया सर्विसेज डिजिटल मार्केटिंग होम बेस्ड जॉब के नाम से ऑफिस खोलकर अखबार ,पंपलेट, सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से पत्राचार कर घर बैठे पैसे कमाने का लालच देकर झांसे में लेकर कई लोगों से फ्रेंचाइजी खरीदवा कर तथा सदस्यता ग्रहण करवाकर ग्राहकों द्वारा जमा किए गए करोड़ों रुपए हड़प कर फरार हो गया। आरोपी धर्मेंद्र उर्फ अमित मलिक लगातार फरार चल रहा है। जिसकी गिरफ्तारी हेतु वह पुलिस टीम के साथ हरियाणा रवाना हुई। जहां अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु सुरागरसी की गई तो धर्मेंद्र उर्फ अमित मलिक को उसके रिश्तेदार (साले)विपिन पुत्र महावीर निवासी ग्राम घोघडिया, तहसील नरवाना, जिला जींद हरियाणा द्वारा अपने घर में शरण देकर छुपाना पाया गया। उन्होंने बताया अभियुक्त धर्मेंद्र की गिरफ्तारी हेतु उपरोक्त पते पर (शेष पृष्ठ सात पर)

## एक सप्ताह में करें लंबित विवेचनाओं का निस्तारण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसपी सिटी हरबंस सिंह ने रात्रि में विवेचकों का आदेश कक्ष लेकर उन्हें 6 माह से अधिक लंबित विवेचना में एक सप्ताह के भीतर निस्तारण करने के दिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने थाना हल्द्वानी, मुखानी, बनभूलपुरा व काठगोदाम के 06 माह से अधिक समय से लम्बित विवेचनाओ की जानकारी ली। जो विवेचक मौजूद नहीं थे प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष को निर्देशित किया कि अपने स्तर से 7 दिवस के अंदर निस्तारण (शेष पृष्ठ 7 पर)



## युकांईयों ने फूंका प्रदेश सरकार का पुतला

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।हल्द्वानी समेत पूरे प्रदेश में व्याप्त भारी विद्युत कटौती पेजल संकट व अतिक्रमण के नाम पर गरीबों की छत उजाड़ने के विरोध में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू की अगवाई में प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री के पुतले को आग के हवाले कर दिया। इस मौके पर यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने कहाँ ऊर्जा प्रदेश में लगातार 5 से 6 घण्टे विद्युत कटौती से जनता का जीना मुश्किल हो रहा है। लघु उद्योग काम धंधे चौपट हो रहे है सरकार को जनहित में ठोस कदम उठाने चाहियें। यूथ कांग्रेस जिला (शेष पृष्ठ 7 पर)



# सीडीओ ने ई चौपाल में सुनी ग्राम झगड़पुरी की समस्याएं

रूद्रपुर/गदरपुर (उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने शनिवार को ई-चौपाल के माध्यम से ग्राम झगड़पुरी की समस्याएं सुनी। ई-चौपाल मे कुल 36 समस्याएं दर्ज हुई, जिसमें से अधिकांश समस्याओं को मौके पर ही निस्तारण किया गया। सर्वाधिक समस्याएं, विद्युत, सामाजिक पेंशन, आवास तथा राशन कार्ड से सम्बन्धित थीं। प्रमुख समस्याओं में तुफैल अहमद ने शमशान घाट तथा कब्रिस्तान की चाहरदीवारी की मांग की, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने चाहरदीवारी निर्माण हेतु कार्य योजना में शामिल करने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिये। अहसान अली, रिजवान, फिरासत अली, इसमाइल ने विद्युत लाइन से नुकसान व संभावित खतरे के बारे में शिकायत की,



जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने विद्युत विभाग के अभियंताओं को तत्काल मौका मुआयना करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिये। अपार सिंह ने राहगीरो व ग्रामीणों के लिए वाटर कूलर लगवाने की मांग की जिस पर सीडीओ ने प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को दिये। कलुआ कुरैशी ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत खोदी जा रही सड़कों का सही कराने की मांग की, जिस पर सीडीओ ने अधिशासी अभियंता पेयजल निगम को शीघ्रता से टैस्टिंग एंव ट्रायल की कार्यवाही कर, रोड को प्राथमिकता से सही कराने के निर्देश दिये। हर भवगान ने गांव की मुख्य सड़क कई वर्षो से नहीं बन पाने की शिकायत की, जिस पर सीडीओ ने रोड का निरीक्षण कराने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिये। मौ.इशाक ने वार्ड नम्बर 2 व 3 में पानी की निकासी बन्द नाले को खुलवाने की मांग की, जिस पर सीडीओ ने बन्द नाले को तत्काल खुलवाने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी तथा तहसीलदार को दिये। अनीता ने पशु शैड निर्माण की मांग की जिस पर सीडीओ ने पात्रता के आधार पर शैड निर्माण हेतु कार्य योजना में शामिल करने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिये। इरशाद अली ने पीएम आवास योजना में पिछले पांच वर्षों से माइनोरिटी का टारगेट न आने की बात कही, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने प्रस्ताव भारत सरकार में प्रेषित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। शराफत अली ने सिंचाई नगर की कच्ची दीवार को पक्का कराने की मांग की जिस पर सीडीओ ने तत्काल प्रस्ताव शासन में भेजने के निर्देश अधिशासी अभिंयता सिंचाई को दिये। ई-चौपाल में आईएएस ट्रेनी एवं उप जिलाधिकारी अनामिका, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग पंकज कुमार, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार आदि शामिल थे।

# अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध रपट दर्ज

रूद्रपुर । विगत दिवस गदरपुर मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार एक युवक की हुई मौत व दो के घायल होने के मामले में अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में रम्पुरा वार्ड 24 निवासी नेमचन्द्र पुत्र छोटेलाल ने कहा है कि 25 मई को उसका पुत्र आकाश कोली अपने किसी कार्य से बागवाला गया था। जब वह अपने अन्य दो साथियों आदेश पुत्र सूरज व संजीव पुत्र नाथी राम के साथ मोटरसाईकिल से सायं जाफरपुर की ओर जा रहे थे तो अज्ञात छोटा हाथी वाहन ने मोटरसाईकिल में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे तीनों लोग सडक पर गिर गये। इसी बीच मौके पर डम्पर संख्या यूपी 21 सीटी 1085 का चालक डम्पर से तीनों लोगों को कुचलते हुये चला गया। जिससे उसके पुत्र आकाश कोली की मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गयी तथा उसके दोनों साथियो को भी गम्भीर चोटें आयी जिनका ईलाज अस्पताल में चल रहा है । लोगो की मदद से डम्पर चालक को कुछ दूरी पर पकड़ लिया था। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर मां बेटी को पीटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आये दिन पुत्री से छेड़छाड़ करने का विरोध करने पर कुछ लोगों ने मां पुत्री की बेरहमी से पिटाई कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में पीड़िता का कहना है कि मोहल्ले में रहने वाला शिवम चन्द्र उसकी नाबालिक पुत्री को छेड़ता रास्ते गन्दे कमेन्ट करता था। पुत्री से बोलता था कि शरीर सम्बन्ध बना तुझे पैसे दूंगा। इसकी कई बार उसके घर पर शिवम चन्द्र की पत्नी पूनम से भी शिकायत की लेकिन वो उल्टा पुत्री को गाली देते। 24 मई को शिवम चन्द्र की पत्नी पूनम अपने मायके वालों को लेकर उसके घर आ गई। उन्होंने उसे व उसकी पुत्री को बेरहमी से मारा। पुलिस ने मामले में रपट दर्ज कर ली है।

# उत्कर्ष रहा भंजुराम अमर इंटर कालेज का परीक्षाफल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भंजुराम अमर इंटर कालेज,भूरारानी का उत्तराखण्ड बोर्ड का परीक्षाफल काफी बेहतर रहा है। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य एनएल गंगवार ने बताया कि हाई स्कूल में कुल 64 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिनमें प्रथम श्रेणी में 42 व द्वितीय श्रेणी में 21 विद्यार्थी रहे। उन्होंने बताया कि इनमें 8 विद्यार्थी ऑनर्स रहे हैं। वहीं इंटर मीडिएट में कुल 65 विद्यार्थी सम्मिलित हुए । जिनमें 49 प्रथम श्रेणी में व 11 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। साथ ही 11 विद्यार्थी ऑनर्स रहे। प्रधानाचार्य श्री गंगवार ने बताया कि हाई स्कूल का परीक्षाफल 98.43 प्रतिशत, इंटरमीडिएट कला वर्ग का 100 प्रतिशत तथा इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग का 86.11 प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रबंधक सुरेश कुमार गांधी, प्रधानाचार्य एनएल गंगवार सहित समस्त विद्यालय परिवार ने हाई स्कूल व इंटरमीडिएट में सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कल लगेगा बेहड़ का जनता दरबार

किच्छा। विधायक तिलकराज बेहड़ के प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने बताया कि विधायक तिलक राज बेहड़ कल 29 मई से अपने कार्यालय आवास विकास किच्छा में 11 बजे से जनता की समस्या सुनेंगे। विधायक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 3 महीने से स्वास्थ लाभ ले रहे विधायक तिलकराज बेहड़ अब पूरी तरह से स्वस्थ है और अब वह अपने आवास विकास कार्यालय पर 11 बजे से आम जन मानस की समस्याओ का निस्तारण करेंगे। पिछले 3 माह से विधायक तिलकराज बेहड़ किडनी ट्रांसप्लांट के चलते अपने कार्यालय पर नही बैठ रहे थे।

# बेहतर भविष्य के लिए अच्छा कैरियर चयनित करें: डा. सतविंदर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हर छात्रा को शिक्षा ग्रहण करने के साथ अपना भविष्य बेहतर बनाने के लिए अच्छे लक्ष्य का चयन कर उसे हासिल करने को कड़ी मेहनत करनी चाहिए। श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय में प्रधानाचार्या डा. सतविन्दर कौर ने बहुत सरल, प्रभाव शाली एवं रोचक ढंग से छात्राओ को भविष्य में अपना कैरियर बनाने सभी रास्ते बतायें। उन्होंने बताया कि सिर्फ बीए, बीकॉम करके घर नही बैठ जाना। ग्रेजुएशन तो जरूरी है ही, पर उसके बाद किस पर अपना लक्ष्य निर्धारित करना है यही कैरियर च्वाइस है। कैरियर ऐसा चुने कि जो आपको खुशी दे, ज्ञान दे साथ ही पैसा भी कमाये। बीए या बीएड करने से आपको इंटर कॉलेज में जॉब, बीए के बाद एक साल का फैशन डिजाइनिंग कोर्स करके आप बूटिक खोल सकती है। मास कम्युनिकेशन का



डिप्लोमा कर टीवी रिपोर्टर बन सकती है। उन्होंने बताया कि योगा थैरेपी इन डिप्लोमा करके योगा इंस्ट्रक्चर बन सकती हैं। आईसीएस, पीसीएस की तैयारी कर प्रशासनिक अधिकारी बन सकती हैं। डा. सतविंदर ने छात्राओं का मार्ग दर्शन करते हुए कहा कि नर्सिंग का डिप्लोमा हासिल कर नर्स या एयर हॉस्टेज के लिए एप्लाई कर सकती हैं। बैंकिंग के पेपर देकर बैंक में जॉब के साथ सीए, एमबीए और एमसीए कर सकती है। एमए अग्रेजी के बाद पीएचडी या नीट कर किसी भी महाविद्यालय में प्रोफेसर बन सकती है। किसी भी विषय में एमए कर के पीएचडी कर के डिग्री कॉलेज में नौकरी या कोचिंग सेंटर खोल सकती है। बस देखना है रुचि किस विषय में है। कैसे पढाई करने के साथ साथ अपने को सन्तुष्टि भी मिले कमाई भी हो जाये। कार्यक्रम में डा.ज्योति, डा.शिल्पा, डा.नीमा ,डा.चंपा, डा. रेखा, डा. विद्या,श्रीमती नेहा,डा.नीमा, डा. श्वेता,डा. सुगन्धा,डा.रजनी, भावना श्रीमती सोनिया, श्रीमती प्रेरणा, काजल आदि थे। संचालन डा.चम्पा ने किया।

# स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने कराई जांच

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वार्ड नंबर में निजी एक हॉस्पिटल की तरफ से स्वास्थ्य चिकित्सा का शिविर लगाया गया। स्वास्थ्य शिविर का स्थानीय पार्षद ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल की तरफ से जो स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है उसमें विभिन्न प्रकार की जांचे व दवाइयों को वितरण की गई। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शिविर में वार्ड नंबर 1 के क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों के लगने से क्षेत्रवासियों को इस शिविर का लाभ मिलता है। शिविर में पित्रोदा हाइड्रोसील बबासीर के रोगियों को परामर्श एवं जांच नि:शुल्क किया गया। इस शिविर में डॉक्टर आरिफ रसूल, डॉक्टर फरीन खान, डॉक्टर विजेंद्र कुमार, सहयोगी मोहम्मद निजाम, नर्सिंग स्टाफ में यूसुफ आदि के साथ हरीश जोशी, संजय सिंह, बीडी गंगवार, जेडी भगत, शिव शंकर, जय सिंह, प्रेमपाल, रमेश, राम सिंह, अशोक कुमार, रणजीत सिंह, भावना भगत, सुनैना देवी, भुवन चंद जोशी, ममता देवी, देवीलाल, शिवराज सिंह आदि लोग उपस्थित थे।



# मेयर ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मेयर रामपाल सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 101वां ऐपिसोड जगतपुरा शक्ति केन्द्र संख्या 6 बूथ नंबर 56 पर कार्यकर्ताओं के साथ सुना। प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम सुनने के के बाद मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम के आज 101संस्करण पूरे हो चुके हैं। यह कार्यक्रम आज जन आंदोलन बन चुका है। हमेशा से ही मन की बात कार्यक्रम के द्वारा प्रधानमंत्री ने देश और दुनिया की संस्कृति और परंपराओं से हमें अवगत कराया हैं। उन्होंने कभी भी इस कार्यक्रम का प्रयोग राजनीतिक फायदे के लिए नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ प्रधानमंत्री के मन की बात नहीं, बल्कि



जन-जन की बात है और इसके सुनने के बाद सामाजिक रूप से देश में काफी परिवर्तन देखने को मिला भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कही गईं बातें हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है और उसे जीवन में उतरने की कोशिश करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विभिन्न् सामाजिक विषयों पर मन की बात में अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त करते हैं। यही कारण है कि यह कार्यक्रम देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बहुत लोकप्रिय हो चुका है। मेयर ने कहा पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। आज पीएम मोदी की अगुवाई में देश विकास लगातार उन्नति की ओर अग्रसर है। विदेशों में नए भारत की पहचान बनी है। हम विश्वगुरु बनाने के राह पर अग्रसर हैं। प्रधानमंत्री अपनी राजनीति और कूटनीति से भारत को सबसे आगे ले जाने की ओर अग्रसर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कार्य किए हैं वह कार्य आज तक कोई भी प्रधानमंत्री नहीं कर सका।इस अवसर पर पार्षद निमित शर्मा, मंडल महामंत्री राधेश शर्मा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बबलू दिवाकर, विपिन पांडे राहुल बिष्ट सूरज बासंक, हरीश मंडल,रोशन जोशी, हर्षित तिवारी, अनुज नौटियाल, मुरली यादव, गणेश दत्त पाण्डेय, पूरन लाल, राम पाल शर्मा, भरत कुमार आदि लोग मौजूद रहे।।

# प्रशांत सिंह बने यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष

गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर के बुध बाजार स्थित कम्बोज धर्मशाला में यूथ कांग्रेस के बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन,यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर,कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं ब्लॉक अध्यक्ष चन्दन नयाल मंचासीन रहे। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने यूथ कांग्रेस के विधान सभा अध्यक्ष रहे स्व0 सुमित सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने की अपील की वही यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने स्व0 सुमित सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके छोटे भाई प्रशांत सिंह को यूथ कांग्रेस का विधानसभा अध्यक्ष बनाया। उन्होंने कहा उन्हें विश्वास है जिस प्रकार स्व सुमित सिंह ने यूथ को एकजुट करके



पार्टी के प्रति सराहनीय कार्य किये है उसी प्रकार उनके छोटे भाई प्रशांत सिंह भी कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित रहते हुए युवाओ में नया जोश नयी ऊर्जा का संचालन करेंगे और पार्टी को मजबूत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान युवाओ ने सुमित सिंह अमर रहे के नारों के साथ साथ कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए प्रशांत सिंह को पुष्पमालाएं पहनाकर विधानसभा अध्यक्ष बनने की बधाई दी। इस दौरान यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर,नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, ब्लॉक अध्यक्ष चंदन नयाल,प्रदेश प्रभारी अभव्या चौहान, किशोर सामन्त,मोहित कमांडो,जुनैद अंसारी, संजीव झाम, श्याम ठुकराल, मनोज गुम्बर,जीशान, चेतन पाहुजा,परवेज पाशा,देव कालड़ा, अर्पित,पवन,यामीन अंसारी, अकील, अहमद अली तिवाड़ी,समीर सत्यम सिंह, मधुर सहित आदि कार्यकर्ता रहे।

# एलायंस में मोटापा रोग निवारण योग शिविर शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय योग संस्थान दिल्ली के तत्वाधान में एलायंस कालोनी में मोटापा रोग निवारण योग शिविर का शुभारम्भ किया गया। जिसके उद्धघाटन पर विधायक शिव अरोरा की धर्म पत्नी सीमा अरोरा, विनोद





शर्मा (मंत्री भारतीय योग दिल्ली), राजकुमार मुंजाल (अध्यक्ष), राजकुमार चौधरी (प्रदेश सदस्य), रमेश गंगवार (जिला प्रधान), ललिता रावत (जिला मंत्री), एनएन गंगवार मोहन राय, रमेश गुप्ता, कमला सिंह, हरीश अरोरा, महावार चौधरी आदि उपस्थित थे। जिसमें लगभग 250 साधक-साधिकाओ ने भाग लिया। योग शिविर के मुख्य प्रशिक्षक विनोद शर्मा द्वारा योग और प्राणायाम के द्वारा मोटापा कम करने, मधुमेह, हृदयरोग, उच्च रक्तचाप, सांस फूलना, कमर दर्द, घुटनों के दर्द, सर्वाइकल सहित सभी बीमारियों से मुक्ति पाने के लिए योगाभ्यास कराये। योग, आहार, दिन चर्या में सुधार करके शरीर को रोगों से मुक्त रखने की जानकारी दी। भारतीय योग संस्थान के सौजन्य से नि:शुल्क योग व ध्यान शिविर 28 मई से 1 जून तक अनुभवी, प्रशिक्षित, योगाचार्यों द्वारा सुबह 5:30 बजे से 7:30 बजे तक तथा सायं 5:30 से 6:30 बजे तक एलाइन्स कालोनी में चलाया जा रहा है।जिसमें बीएस त्रिपाठी, मेवाराम गंगवार, आनन्द बत्रा, नीलम अग्रवाल, सुधा सिंह, एसके श्रीवास्तव, राकेश नागपाल, भारत अरोरा, केडी सिंह, डीएन जयसवाल, दिनेश बठला सहित सैकडों साधक-सम्धिनको ने योगा अभ्यास करके शिविर का लाभ लिया ।

# मेरी आशा ना तोड़ो बालाजी...

हरिपुरा(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार श्रीमानसिंह कोरंगा जी, श्री राम पौंध शाला, ग्राम- हरिपुरा, चरनपुर में सजाया वाले ज्योत तेरी जलती रहे, छोड़ सारी दुनिया मैं आया तेरे द्वारे, जो प्रेम सेबोलेगा मेरे बाबा के जयकारे भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवंसभी भक्तों ने दूत तोड़ो बालाजी, कालू मदान ने दरबार में घाटे वाले के, गुरमेल सिंह ने हे बालरूप हनुमंता तू सबकी पुकारे सुनता, हरिबाबू ने जोप्रेम से बोलेगा बाबा के जयकारे, अंकित जोशी ने सीताराम कहिये, आशु झाम ने आज तो कैलाश माही, राजपाल मदान, शंकर विश्वास, सौरभ अग्रवाल, अमन श्रीवास्तव, धर्मवीर चौधरी, अजय जायसवाल, पवन खेड़ा, लवी अरोरा, बिट्टू अरोरा, अंटू रस्तोगी, बबलू रस्तोगी, सोनू कोली, अनिल कोली, अरुण गुप्ता, अंश अरोरा, प्रिंस मल्होत्रा, दीपक कोचर,



गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकरअपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज शनिवार है महावीर का वार है सच्चे मन से जो कोई गावे उसकाबेड़ा पार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का परिवार द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।महंत जी ने याही में भागवत याही में गीता, जलती रहे घाटे महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया । वही भजनों की श्रृंखला में अजय जायसवाल ने फरियाद मेरी बाबा सुनते ही चलेआना, बिट्टू अरोरा ने इतनी कृपा बालाजी बनाये रखना, शिव कुमार ने श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझकोसमझना, पवन खेड़ा ने चलो दर्शन को मेंहदीपुर चलिये, कृष्ण छाबड़ा ने चरणो का दास बनालो मेरे बजरंगी बाबा, रोहन भटनागर नेआया मैं आया बजरंग बाला आया, सुनील कुमार ने ये प्रार्थना मेरी, महेंद्र बंसल ने मुझपे उपकार क्यों नहीं होता, विपुल कुमार ने मेरी आशा ना सिंह ने लगन तुमसेलगा बैठे, शिवम् छाबड़ा ने एक फकीरा आया शिरडी गाँव से, मान सिंह कोरंगा ने वीर हनुमाना अति बलवाना में आदि भजन सुनाकरसबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरवबाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर खरैतकुमार, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, खघ्रैत कुमार, शिव कुमार, लवी अरोरा, आयुष अरोरा, विशाल वैभव गगनेजा, गुलशन गगनेजा, दीपक हुड़िया, सागर हुड़िया, नितिन कोरंगा, मनीष कोरंगा, महेंद्र सिंह पानु, तारा सिंह पानु, गौतम सिंह पानु, शंकर सिंह नगरकोटी, केवल पाठक, तारा सिंह कोरंगा, गजेंद्र सिंह कोरंगा, राम सिंह कोरंगा, नीरज सिंह कोरंगा, इंद्रा कोरंगा, नरेश चुफाल, देवेंद्र अधिकारी, मंगल सिंह गढ़िया, मोहन डोगरा, भुवन डोगरा, भोपाल डोगरा, कुंदन कोरंगा, खीम सिंह चुफाल, सुनीता डोगरा, नीमा जोशी, पुष्पा जोशी, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवालआदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।

# छात्राओं को यातायात व महिला अपराधों के प्रति किया जागरूक

अल्मोड़ा। इंटरसेप्टर प्रभारी ने राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज द्वाराहाट में जागरुकता पाठशाला आयोजित कर छात्राओं को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों, महिला सुरक्षा, साईबर अपराध के प्रति जागरूक कर उत्तराखण्ड पुलिस एप गौरा शक्ति व पुलिस हेल्पलाईन नम्बरों की जानकारी दी। रामचद्र राजगुरु,एसएसपी द्वारा थाना यातायात प्रभारियों को स्कूल कॉलेजों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को जागरूक करने हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में प्रभारी इंटरसेप्टर अयूब अली द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज द्वाराहाट के छात्राओं एवं विद्यालय



स्टॉफ को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देकर यातायात नियमों का हमेशा पालन करने को कहा। उन्होंने गुड समैरिटन स्कीम के बारे में बताकर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता करने हेतु प्रेरित किया । उपस्थित छात्राओं व विद्यालय स्टॉफ को उत्तराखण्ड पुलिस एप में उपलब्ध सभी सुविधाओं की जानकारी दी तथा थाना द्वाराहाट की महिला पुलिस कर्मी के माध्यम से महिला सुरक्षा से संबंधित गौरा शाक्ति फीचर की जानकारी देते हुए गौरा शक्ति में रजिस्ट्रेशन करवाया। छात्राओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी कानूनों की जानकारी देकर भी जागरूक किया गया। साईबर अपराध के प्रति जागरुक करते हुए साइबर क्राइम हेल्पलाईन नम्बर 1930, पुलिस सहायता हेतु उत्तराखण्ड पुलिस हेल्प लाईन नम्बर डायल 112 महिला हेल्प लाईन नंबर 1090, के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

# आज की राजनीति में महिलाओं के विशेष भूमिका: वाजपेयी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ऊषा वाजपेयी ने अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान प्रभावशाली महिलाओं से मिलकर उन्हे पीएम मोदी के कार्यकाल में महिलाओं के सशक्तिकरण और केंद्र की जनहित योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज की राजनीति में महिलाओं की विशेष भूमिका हो गई है। जिले में अपने दो दिवसीय प्रवास के पहले दिन श्रीमति बाजपेयी ने कई



कार्यक्रमों में भाग लिया। लालपुर में भाजपा की जिला मंत्री ममता त्रिपाठी की अगुवाई में महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ऊषा बाजपेयी और जिला कार्यसमिति की पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। ऊषा ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद दुनिया भर में भारत का परचम लहरा रहा है। आज दुनिया के कई राष्ट्राध्यक्ष मोदी को बॉस कहकर पुकारते हैँ। एक तरफ जहाँ यूरोप, अमेरिका समेत अधिकांश देशों की अर्थ व्यवस्थाओं में ठहराव आ रहा है तो वहीं भारत आर्थिक मोर्चे पर निरंतर प्रगति कर रहा है। लालपुर में रुद्रपुर की ब्लॉक प्रमुख ममता जल्होत्रा के कार्यालय में हुई बैठक में कार्यक्रम संयोजिका व महिला मोर्चे की जिला मंत्री ममता त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा की सबका साथ-सबका विकास की सोच के चलते देश भर में समाज के सभी वर्गों में एक सकारात्मक माहौल है।कार्यक्रम संयोजिका त्रिपाठी ने बैठक में आई सभी पदाधिकारियों व महिलाओं का आभार जताया। इस दौरान महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष विमला मुंडेला, कुमायूँ सह संयोजक शैली फुटेला, कार्यक्रम की सह संयोजिका मनप्रीत कौर, चंद्रकला राय आदि महिलायें उपस्थित थीं।

# सरकार की उपलब्धियां जन जन तक पहुंचायें कार्यकर्ता: शर्मा

खटीमा(उद संवाददाता)।ब्लॉक सभागार में विधानसभा खटीमा की कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य वक्ता पहुंचाने का काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से हमारी सरकार विभिन्न योजनाएं लागू कर आम जनता के हितों के लिए कार्य कर रही है ,बिना कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद जोशी ,मंडी समिति अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत , नगर अध्यक्ष जीवन सिंह धामी चौसली ने किया। इस अवसर पर कमलजीतसिंह राणा ,संजय पिलखवाल, मोहन चुफाल, हृदय प्रसाद ,कामिल खान ,नवल बाल्मीकि,धाना भंडारी ,रेनू



प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की आराधना एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं जनता के लिए किए जा रहे विकास कार्यो को जन जन तक भेदभाव , बिना वर्ग वाद के समाज के सभी जाति एवं सभी समुदाय के लोगों को साथ लेकर प्रदेश एवं राज्य में जो विकास कार्य हो रहे हैं अभूतपूर्व विकास कार्यों की जानकारी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ साथ राज्य में निवास करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को भी होनी चाहिए। जिसकी जिम्मेदारी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की है। ,चकरपुर मंडल अध्यक्ष विक्रम भाट, नौसर मंडल अध्यक्ष सोमनाथ मौर्या, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु बिष्ट ,जिला महामंत्री सतीश गोयल ,मंडल प्रभारी इंद्रपाल मान ,जिला मंत्री किशोर जोशी, किसान आयोग के उपाध्यक्ष सरदार राजपाल सिंह ,जिला मंत्री अंजू देवी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री मनोज वाधवा एवं गणेश दत्त भंडारी, राहुल चौहान ,भुवन भट्ट ,संदीप बाल्मीकि, कमलजीत चौहान, कमल बोरा ,अनुपमा शर्मा, सावित्री कन्याल, तारा सिंह, जानकी देवी ,प्रदीप शर्मा, किशन सिंह किन्ना ,गोविंद टम्टा ,राहुल सक्सेना, जावेद रिजवी, हाफिजुर रहमान ,मनोज चौहान संतोष गौरव आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम समापन नगर अध्यक्ष जीवन धामी ने किया।

# मिनी स्विट्ज़रलैंड में बढ़ने लगी पर्यटकों की आवाजाही

## देशी विदेशी पर्यटक ले रहे हिमालयी वादियों का लुत्फ

बागेश्वर/कौसानी(उद संवाददाता)। पहाड़ की अप्सरा,और मिनी स्विजरलैंड के नाम से विश्व विख्यात कौसानी में इन दिनों पर्यटकों की भीड़ के बीच स्थानीय होटल व्यवसाईयों, और क्षेत्रीय व्यापारियों में भी उत्साह है, मैदानी क्षेत्रों में गर्मी बढ़ने से कौसानी में पर्यटकों की काफी चहल-पहल हुई है में अनासक्ति आश्रम को जाने वाली सड़क तथा आश्रम परिसर में लगी अधिकतर स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हुई है, जिससे यहां पर आने वाले सैलानियों को



कठिनाइयों का सामना उठाना पड़ रहा है, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष बबलू नेगी, नीरज नेगी,रमेश दोसाद,राजेन्द्र जोशी, बबलू वर्मा,प्रभात चंद्र, आशु नेगी,सहित होटल व्यवसाइयों ने कौसानी में आने वाले पर्यटकों को सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराने, सहित पर्यटन को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन से विभिन्न प्रकार की सुविधाएं पर्यटकों को मुहैया कराने की मांग की।रात्रि में पथ संचलन के लिए जाने वाले पर्यटकों को आवागमन में होने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने की मांग जिलाधिकारी से की।

आवाजाही बढ़ने लगी है, देशी विदेशी पर्यटकों से गुलजार होने लगा है, कौसानी में प्रकृति की सुरम्य वादियों में हिमालयी वादियों में स्वच्छ हवा, शांत वादियों और महात्मा गांधी के अनाशक्ति आश्रम के दर्शन को पहुंच रहे है, पर्यटकों की बढ़ती इसके साथ साथ बैजनाथ टेंपल रुद्रधारी टेंपल कोर्ट ब्राह्मणी मंदिर बागेश्वर बागनाथ,नीम कैरोली महाराज के शिष्य नानतिन महाराज के आश्रम कुकुड़ामाइ सहित जिले के पर्यटक स्थलों में काफी चहल-पहल बड़ने लगी है,वही कौसानी

# देसी शराब की कैंटीन में बिक रही अंग्रेजी शराब

काशीपुर(उद संवाददाता)। आबकारी अधिकारियों की घोर लापरवाही के कारण देसी शराब की एक कैंटीन में कैंटीन संचालक द्वारा अंग्रेजी शराब बेचे जाने की सूचना है। जानकारों का कहना है कि कैंटीन संचालक निर्धारित दर से अधिक दाम पर कैंटीन में आने वाले शराब के शौकीनों को अंग्रेजी के क्वार्टर बेचने का काम कर रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाजपुर रोड पर चौती चौराहे के आगे महादेव नहर के करीब स्थित एक देसी शराब की दुकान के बगल खुली कैंटीन में कैंटीन संचालक विभागीय नियम कायदों को दरकिनार कर अंग्रेजी शराब के क्वार्टर बेचने का काम कर रहा है। नाम न छापने की शर्त पर यही कि एक कर्मचारी ने बताया कि कैंटीन संचालक निर्धारित दर से अधिक दाम पर अंग्रेजी शराब के क्वार्टर पिछले काफी समय से बेंच रहा है। जानकारों ने यह भी बताया कि देसी मदिरा की उक्त दुकान पर निर्धारित समय से पूर्व तथा निर्धारित समय के बाद भी यदि कोई चाहे तो उसे अंग्रेजी व देशी शराब आसानी से मिल सकती है।

## कुख्यात गांवों की ओर जल्दी रुख नहीं करते विभागीय अधिकारी

काशीपुर। कुंडेश्वरी पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला इलाका रमपुरा, आईटीआई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला गांव खाई खेड़ा व छोटी बरखेड़ी, कनकपुर आदि कुछ गांव अवैध कच्ची शराब के लिए पूरी तरह कुख्यात हो चुके हैं। सूत्रों की माने तो उपरोक्त गांवों में प्रतिदिन हजारों लीटर अवैध कच्ची शराब बनाई व महफूज ठिकानों को खपत के लिए भेजी जाती है। ऐसे ही कुंडा थाना क्षेत्र के दर्जनों गांवों में अवैध कच्ची शराब का गैरकानूनी कारोबार कुटीर उद्योग का रूप ले चुका है लेकिन आबकारी विभाग सब कुछ जानते हुए अनजान है। ऐसे ही नगर क्षेत्र के अंदर दर्जनों वैसे अवैध कच्ची शराब के गैरकानूनी अड्डे आबाद है जहां हर दिन हजारों लीटर कच्ची शराब खपत की जा रही है।

## तस्करी की अंग्रेजी शराब भी हो रही बड़े पैमाने पर खपत

काशीपुर। नगर क्षेत्र में तस्करी के अंग्रेजी शराब की बड़े पैमाने पर खपत किए जाने की सूचना है। सूचना के मुताबिक अंग्रेजी शराब की तस्करी से जुड़े कतिपय तत्व विभाग की लापरवाही नीतियों का फायदा उठाते हुए पंजाब प्रांत से चोरी-छिपे लाई जा रही अंग्रेजी शराब की यहां मनमाने ढंग से खपत कर रहे हैं। नगर क्षेत्र में तस्करी की शराब का एक पुराना कारोबारी लोगों को डोर टू डोर बोतल पहुंचाने का काम कर रहा है। शराब के शौकीनों के लिए यह चेहरा कोई नया नहीं है। जानकार बताते हैं कि शहर में आधा दर्जन से अधिक ऐसे तस्कर हैं जो गए प्रांत से लाई गई अंग्रेजी शराब को यहां महफूज ठिकाने पर रखकर उसे आराम से खपत करने का काम कर रहे हैं।

# भाजपा घर घर करेगी महाजनसंपर्क: भट्ट

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सिटी क्लब में आयोजित हुई विधानसभा कार्यसमिति में बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे हरियाणा के पूर्व संगठन महामंत्री सुरेश




भट्ट ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इससे पूर्व बैठक में पहुचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सुरेश भट्ट फूलमालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम ने अध्यक्षीय भाषण उत्तरी मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता ने किया और पार्टी संगठन द्वारा किये जा रहे कार्यो का बखान किया। जिला महामंत्री अमित नारंग ने आगामी होने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से बताया। कार्यसमिति के सयोंजक विधायक शिव अरोरा स्वास्थ्य खराब होने के चलते उपस्थित नहीं हुए उन्होंने लिखित पत्र भेज कर कार्यकताओ के बीच अपनी बात रखी। जिसे उत्तरी मण्डल प्रभारी हरीश खानवानी ने पढ़कर सुनाया। जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार के नौ वर्ष की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को सफल आयोजन के लिये शुभकामनाएं दी। मुख्यइ अतिथि सुरेश भट्ट ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा भाजपा राज में देश आगे बढ़ा है और मोदी सरकार ने देश को नये आयाम पर ले जाने का कार्य जो किया है वह किसी से छुपा नही है, उन्होंने कहा केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने पर जो 30 मई से 30 जून तक लगातार अनेको कार्यक्रम होने हैं उसके लिये सभी कार्यकर्ता पूरी मेहनत के साथ लग जाये सभी कार्यक्रम सफल हो इसके लिये पूरी ईमानदारी से प्रयास करें, भट्ट ने कहा सरकार की योजनाओं को घर घर तक जनसम्पर्क कर जनता के बीच मे जाना है और साथ ही प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिये गये आगामी एक माह के कार्यक्रमो को की अभी से योजना रचना बनानी होगी जिससे सभी कार्यक्रम सफल हो, भट्ट ने कहा हमारी सरकार सदैव जनहित में कार्य करती आई है वही नये संसद भवन लोकतंत्र के मंदिर पर कांग्रेस ओर विपक्ष के लोग देश को तोड़ने की राजनीति कर रहे हैं जिसका जवाब आने वाले लोकसभा चुनाव ने जनता उनको अवश्य देगी और एक बार फिर केंद्र में भाजपा की सरकार पहले से भी अधिक बहुमत के साथ बनेगी ऐसा विश्वास है, वही सुरेश भट्ट ने सफल भव्य कार्यसमिति के आयोजन के लिये सभी को बधाई दी और आगामी कार्यक्रम सफल हो ऐसा विश्वास व्यक्त किया। इस दौरान जिला महामंत्री अमित नारंग, मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, हरीश भट्ट, प्रभारी हरीश खनवानी,शालनी बोरा,अजीत साह, महामंत्री सोनू अनेजा,राधेश शर्मा सुनील ठुकराल,राजेश जग्गा, सुदर्शन विश्वास, आयुष चिल्लाना, उपेंद्र चौधरी, वेद ठुकराल,उत्तम दत्ता, नेत्रपाल मौर्य, यशपाल घई कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कराटे चैम्पियन अनन्या को अग्रवाल महासभा ने किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। तालकटोरा इण्डोर स्टेडियम दिल्ली में आयोजित इण्टरनेशनल कराटे चैम्पियनशिप अण्डर-13 में -50 किलो वजन कुमिते प्रतिस्पर्द्धा में कुमारी अनन्या ने प्रतिभाग कर सिल्वर मैडल(द्वितीय स्थान)व काता प्रतिस्पर्द्धा में भी सिल्वर मैडल प्राप्त कर परिवार व शहर एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। अनन्या के पिता मुदित अग्रवाल ने बताया कि उनकी बेटी जैन ग्लोबल स्कूल रूद्रपुर में कक्षा 8 में अध्ययन करती है।अनन्या ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने कोच कृष्ण कुमार को दिया। उत्तरांचल प्रदेश अग्रवाल महासभा के सदस्यगणों ने आवास पंहुचकर अनन्या को बुके व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उत्तरांचल प्रदेश



अग्रवाल महासभा कुमाऊँ के प्रभारी विजय भूषण गर्ग ने कहा कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं समाज के हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर बेटियों ने साबित कर दिया है कि पढाई के साथ साथ खेलकूद व कराटे जैसी प्रतिस्पर्द्धाओं में भी हम किसी से कम नहीं हैं। अग्रवाल युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री महेश मित्तल ने कहा कि इतनी कम उम्र में इतनी बडी उपलब्धि को हासिल करना बच्चे की कडी मेहनत को दर्शाता है और मन से करी गई मेहनत कभी भी असफल नहीं होती है ,समाज हमेशा ऐसी विभूतियों को सम्मानित करता रहेगा ताकि और बच्चों में भी प्रेरणा जाग्रत हो।इस मौके पर कुमांऊ अध्यक्ष कैलाश गर्ग,कार्यकारी अध्यक्ष विजय भूषण गर्ग,अग्रवाल युवा महासभा प्रदेश महामंत्री महेश मित्तल, वरिष्ठ व्यवसायी पुष्कर राज जैन,अग्रवाल सभा महामंत्री कुशल अग्रवाल,कोषाध्यक्ष नरेन्द्र बंसल ,बलराम अग्रवाल ,जिलाध्यक्ष विनीत जैन,रवि अग्रवाल,प्रदेश अध्यक्षा सुषमा अग्रवाल,उषा अग्रवाल,अंजू बंसल,अक्षि अग्रवाल आदि मौजूद रहे। साथ ही इस अवसर पर उत्तरांचल प्रदेश अग्रवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष देहरादून निवासी अनिल गोयल भी मौजूद रहे।

## चिल्ड्रन पार्क और ओपन जिम का किया लोकार्पण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वार्ड 56 पालम सिटी रामपुर रोड में नवनिर्मित चिल्ड्रन पार्क एवं ओपन जिम का लोकार्पण विधायक बंशीधर भगत, नगर निगम महापौर डॉ. जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला तथा स्थानीय पार्षद राजेंद्र सिंह नेगी द्वारा संयुक्त



रूप से किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, भगवान सहाय अग्रवाल, सुरेश पाल, बाबूलाल, कश्मीरी लाल, देवेन्द्र केसरवानी, आनन्द अग्रवाल, पुष्कर पाठक, राकेश अरोरा, पीयूष अग्रवाल आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भाजपा का उद्देश्य जनता का विश्वास जीतना: बाजपेई

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती उषा बाजपेई ने कहा है कि भाजपा का उद्देश्य सिर्फ चुनाव जीतना नहीं है बल्कि जनता के दिलों तक पहुंचकर उनका विश्वास जीतना है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड का तेजी से कायाकल्प हो रहा है, जिस कारण लोगों की धामी सरकार से उम्मीद बढ़ती जा रही है। अपने 2 दिन के उत्तराखंड प्रवास कार्यक्रम में शामिल होने उधम सिंह नगर में आई महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती उषा बाजपेई ने नगर निगम सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि दो दिन के प्रवास में उन्होंने 12 कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस दौरान तमाम लोगों से बातचीत की और उनके दिलों तक पहुंचने के साथ उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जैसे मजबूत नेतृत्व के कारण आज देश की महिलाएं जागरूक और सशक्त हुई और उनकी स्थिति में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा महिलाओं को हर मुकाम पर स्थान देने का काम किया जा रहा है। श्रीमती बाजपेई ने कहा कि भाजपा के अलावा बाकी राजनीतिक दल



चुनाव के समय जनता के बीच जाकर तमाम वादे करते हैं और चुनाव खत्म होने के बाद जनता की खैर मकदम तक नहीं लेते हैं। जबकि भाजपा हमेशा जनता तक पहुंच कर उनकी समस्याओं को जाना और उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने का कार्य करती है। प्रेस वार्ता में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष विमला मुंडेला, जिला मीडिया प्रभारी चंद्र कला राय और जिला आईटी प्रभारी रितु अग्रवाल मौजूद थीं।

## संत व गुरु हमारी संपत्ति नहीं संतति चाहते हैं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ स्वागत एनक्लेव में उपस्थित भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारी,हमारे परिवार, देश ,समाज की जो दुर्दशा हो रही है । विभिन्न प्रयास करने के बावजूद जिससे हम उबर नहीं पा रहे हैं प्रयास करने के साथ साथ प्रभु से उनकी कृपा याचना से परिपूर्ण भाव सहित प्रार्थनाएँ अवश्य करनी चाहिए ।परमात्मा हमारी वस्तुओं, पदार्थों, मान सम्मान इत्यादि का नहीं वह तो हमारी प्रेम व भावनाओं का भूखा है। हमें परमात्मा के प्रति विश्वास ही नहीं बल्कि दृढ़ विश्वास होना चाहिए ।ईश्वर के प्रति मन में यदि संशय आ जाता है,तो उसके प्रति होने वाली भक्ति स्वत: ही नष्ट हो जाती है तथा ईश्वर के प्रति प्रेम भी नष्ट हो जाता है।बीउन्होंने कहा कि बिना विचारे कोई कर्म न करें तथा न ही कुछ बोलें, ना किसी से संबंध बनाए व न ही



किसी से कोई व्यवहार करें।संत व गुरू हमारी संपत्ति नहीं अपितु संतति चाहते हैं । संपत्ति चाहने वाला लालची, लोभी व्यक्ति गुरू या संत कदापि नहीं हो सकता। सच्चा भाव ही सच्ची उपासना है।सच्चे हृदय से प्रेम व श्रद्धापूर्वक की गई प्रार्थना को परमात्मा अवश्य सुनते हैं चाहे व्यक्ति को वेद ,शास्त्र ,पुराणों का ज्ञान हो या न हो भाषा शैली भी विशेष हो या न हों चाहे हम शिक्षित हों या अशिक्षित हों, शुद्ध हार्दिक भावनाओं से किसी प्रकार भी प्रार्थना की जाए परमात्मा उसे नजरअंदाज नहीं कर सकते। महाराज श्री ने कहा कि मात्र मानव शरीर पाकर ही हम सच्चे अर्थों में मानव या इंसान कहलाने का अधिकारी नहीं बन जाते हैं ,स्वयं को सुसंस्कारित करके समाज के लिए उपयोगी बनाएँ। सदाचार पूर्णजीवन बिताएँ राष्ट्रीयता, नैतिकता व चरित्र को भी जीवन में महत्व दें।इससे पूर्व श्री महाराज जी का दानपुर, लालपुर व मलसा में भी भक्तों ने भव्य व अभूतपूर्व स्वागत किया तथा स्थान स्थान पर श्री महाराज जी का अग्रिम पावन जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाया।

## मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता से मेडल जीतकर लौटे शहर के खिलाड़ियों का मेयर रामपाल सिंह और पार्षदों ने स्वागत किया और उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। दिल्ली के ताल कटोरा इनडोर स्टेडियम में आयोजित अंर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में शहर के कराटे खिलाडियों ने भी हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता में रूद्रपुर की दीक्षा चंदेल पुत्री भीमेंद्र चंदेल, हसीम मियां पुत्रा मोहम्मद रफी, अनन्या अग्रवाल पुत्री मुदित अग्रवाल, तुषार राजपूत पुत्रा भूप राम लोधी, एवं विराट गिरी पुत्रा शिवा गिरि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल हासिल किया। मेडल विजेता खिलाड़ियों का मेयर रामपाल सिंह और पार्षदों ने नगर निगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में फूल



मालाओं से स्वागत किया और उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शहर के कराटे खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करके शहर का नाम रोशन किया है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। वह स्वयं अपने स्तर से भी खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि आज खेलों में कैरियर की अपार संभावनायें हैं। खिलाड़ियों को नौकरियों में भी प्राथमिकता दी जा रही है। खेल कैरियर बनाने में तो सहायक हैं ही साथ ही खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है। खेलों से चुनौतियों का सामना करने का जज्बा मिलता है। खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।इस अवसर पर पार्षद प्रमोद शर्मा, भुवन गुप्ता, जितेंद्र यादव, निमित्त शर्मा, आयुष तनेजा, विनय विश्वास, डॉ राकेश सिंह,शिवकुमार शिब्बू, पूर्व सैनिक नारायण जोशी,कोच किशन कुमार सहित तमाम अभिभावक रहे ।

## आरएएन स्कूल में जीवन कौशल से संबंधित कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल में जीवन कौशल संबंधित कार्यशाला का आयोजन सी.बी.एस.ई. देहरादून द्वारा किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। इस कार्यशाला में आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल तथा अन्य विद्यालयों के शिक्षकगण ने भाग लिया। विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकगण के कौशल विकास के लिए क्षमता विकास कार्यक्रम बनाए जा रहे हैं, इस कार्यशाला का आयोजन भी इसी के अंतर्गत किया गया। इस कार्यशाला का संसाधन आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट द्वारा किया गया। कार्यशाला में बच्चों के भविष्य के निर्माण हेतु शिक्षा के क्षेत्र में प्रणलीगत बदलाव का आह्व्वान करते हुए रोचक तरीके सं बच्चों के चहर्मुखी विकास के लिए अनेक प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों से अवगत करवाया गया। श्रीमती भावना भनोट जी द्वारा अध्यापकगण को यह भी ज्ञात करवाया गया कि जीवन करे सहज व सरल बनाना ही जीवन कौशल है। यह कार्यशाला प्रात: 8:30 बजे से सांय 5 बजे तक चली। कार्यशाला के समापन में समस्त अध्यापक गण ने करतल ध्वनि से प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट का आभार प्रकट किया।

# वरिष्ठजनों की समस्याओं का तत्काल हो समाधान : एसपी सिटी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसपी सिटी हरबंस सिंह ने वरिष्ठ नागरिकों की समस्याये सुनकर अधीनस्थ अधिकारियों को उनका तत्काल निस्तारण करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही वरिष्ठजन से कहा कि किसी भी प्रकार की समस्याओं के होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। हरबन्स सिंह एसपी सिटी की अध्यक्षता में कोतवाली के मीटिंग हॉल में क्षेत्र अंतर्गत निवासरत वरिष्ठ नागरिकों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में कई बिंदुओं पर विचार विमर्श कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सर्वप्रथम उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों का स्वागत करते हुए उनको अपना परिचय देकर जनपद के सभी को महत्वपूर्ण मोबाइल नंबर को उपलब्ध करवाया गया तथा किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल दिए गए मोबाइल नंबरों पर सूचना देने हेतु अपील की गई। वरिष्ठ नागरिकों से उनकी समस्याएं सुझाव पूछे गए तो सभी ने वर्तमान में हल्द्वानी थाना पुलिस के अच्छे कार्यों की सराहना की। गोष्ठी में वरिष्ठ नागरिकों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल डायन



112 पर सूचना देकर अपनी समस्याओं अवगत कराने हेतु के बारे में जागरूक किया गया तथा बताया गया कि जैसे ही आप डायल 112 को डायल करते ही पुलिस आपकी मदद के लिए तत्पर रहेगी। उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों ने शहर क्षेत्र में कतिपय स्थानों पर अतिक्रमण किए जाने तथा युवा लड़कों के द्वारा नशे की ओर अग्रसारित होना बताया नाबालिकों के द्वारा कार, मोटरसाइकिल चलाने एवं ट्रिपल राइटिंग करने तथा रेट्रो साइलेंसर यूज करने के संबंध में कार्यवाही करने हेतु अवगत कराया गया। एसपी सिटी ने सभी चौकी एवं थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि अपने थाना चौकी क्षेत्र में नशे के प्रति स्थानीय जनता को जागरूक करने हेतु प्रचार प्रसार करें। साथ ही नशे का कारोबार करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। जिन नाबालिक बच्चों द्वारा वाहन चलाए जाते हैं उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करें। भैरव देव जोशी वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति के द्वारा अवगत कराया गया कि बहुउद्देशीय भवन कार्यालय के सामने उनकी वरिष्ठ नागरिक कल्याण संस्था स्थित है। जब भी कोई मीटिंग होती है तो उनके संस्था को भी अवगत कराया जाए। इस संबंध में हल्द्वानी थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि वरिष्ठ नागरिकों की मीटिंग ली जानी हो तो संबंधित संस्था को अवगत कराए। ऑनलाइन एप्स में प्राप्त होने वाले सभी वरिष्ठ नागरिकों की शिकायतों को तत्काल निस्तारण करने हेतु थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। गोष्ठी के दौरान हरेंद्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक, प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम, महेंद्र प्रसाद एसएसआई, धर्मेंद्र कुमार चौकी प्रभारी हीरानगर, गुलाब सिंह चौकी प्रभारी मंडी, थाना हल्द्वानी एवं चौकियों के कर्मचारी गण मौजूद थे।

# एनसीसी कैडेट्स ने बैजनाथ में चलाया स्वच्छता अभियान

गरुड़(उद संवाददाता)। पुनीत सागर अभियान के तहत राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज गरुड़ के एनसीसी कैडेटों ने स्वच्छता जन जागरूकता रैली निकाली। इस मौके पर कैडेटों ने बैजनाथ झील के आसपास कूड़ा एकत्रित किया। 81यूके बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल वीके उप्रेती के निर्देशन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। पुनीत सागर अभियान के तहत बैजनाथ बैराज व अस्पताल के आसपास कैडेटों ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर एनसीसी कैडेटों ने लोगों से पॉलिथीन का प्रयोग न करने की अपील की और जनजागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक भी किया।एनसीसी के सेकेंड ऑफिसर मोहन चंद्र जोशी ने बताया कि पुनीत सागर अभियान के तहत जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एनसीसी कैडेट्स द्वारा समय-समय पर स्वच्छता अभियान,जागरूकता रैली,गोष्ठी आदि का आयोजन किया जाता है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार और पत्रकार संगठन एनयूजेआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चन्द्र शेखर बड़सीला ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से कैडेट्स के अंदर स्व अनुशासन की भावना विकसित होने के साथ ही नेतृत्व क्षमता बढ़ती है। इस दौरान देवेंद्र मेहता, नवीन मिश्रा आदि थे।




# नशा पीड़ितों को बताए इसके दुष्परिणाम

रूद्रपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव के निर्देश पर नालसा नशा उन्मूलन व नशा पीड़ितों के लिए विधिक सेवा योजना 2015 के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जागरूकता व साक्षरता कैंप के माध्यम से नशा मुक्ति केंद्र लालपुर व आंगनवाडी केंद्र 5 लालपुर में विधिक जागरूकता शिविर का



आयोजन किया गया। जिसमे पैनल अधिवक्ता लालू प्रसाद ने नशे से पीड़ित लोगो को नशे से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पराविधिक कार्यकर्ता मेहनाज मालिक ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्बारा मिलने वाली निः शुल्क विधिक सेवाओं की जानकारी दी। गुलनाज मलिक ने स्थाई लोक अदालत के लाभ एवं भूमिका के बारे में जानकारी दी।तारा रानी ने श्रम कार्ड की जानकारी दी। रियासत अली ने पॉस्को और अन्य विधिक जानकारियां दी। इस मौके पर उपस्थित पीएलवी मेहनाज मलिक, रियासत अली, गुलनाज मलिक, तारा रानी एवं स्टाफ रहे।

# भाजपा नेत्रियों ने मलसी गांव में महिलाओं से किया संवाद

किच्छा/रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती उषा बाजपेई ने उत्तराखंड प्रवास कार्यक्रम के दौरान मलसी गांव में समरसता भोज कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य श्रीमती बाजपेई ने लोगों को केंद्र और राज्य की योजनाओं के विषय में विशेषकर महिलाओं के लिए चल रही कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने महिलाओं से संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण का आश्वासन दिया। भाजपा महिला जिला अध्यक्ष विमला मुंडेला ने कहा की समरसता भोज कार्यक्रम के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को एकजुट करना है ताकि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति के साथ पार्टी के कार्यकर्ताओं का जुड़ाव हो सके ।जिला महामंत्री स्वाति शर्मा ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो दलितों को सम्मान देती है और भाजपा कार्यकर्ता में हमेशा समरसता का भाव होता है इस अवसर पर किच्छा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दीपा राय ,शम्मी गुप्ता,जिला मीडिया प्रभारी चंद्रकला राय, आईटी प्रकोष्ठ संयोजक रितु अग्रवाल आदि मौजूद थे । इसके अलावा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य उषा बाजपेई ने एक अन्य कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं ,प्रभावशाली महिलाओं के साथ संवाद कर उन्हें मोदी सरकार द्वारा महिलाओं के हित में किए जा रहे कामों की जानकारी दी। ब्लाक प्रमुख ममता जलहोत्रा के कार्यलय पर पहुंची श्रीमती उषा दीदी का महिलाओं ने जोरदार स्वागत किया। श्रीमती उषा ने कहा की मोदी सरकार ने महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। जिसका फायदा देश की हर महिला को मिल रहा है। उन्होंने प्रभावशाली महिलाओं से आहवान की वो गरीब, कमजोर और उत्पीड़ित महिलाओं की मदद करें और सरकार द्वारा महिलाओं के सुरक्षा उत्थान के योजनाओं की जानकारी दें। इस दौरान जिला अध्यक्ष विमला मुंडेला,भाजपा कुमाऊं सहसयोंजक शैली फुटेला, ब्लाक प्रमुख ममता जलहोत्रा, ममता त्रिपाठी, मनदीप कौर स्वाति शर्मा आदि मौजूद थे।





गुरू माँ
GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए ?
आधार लाये,
उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी
तिकोनिया मो- 9837077682 चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666 पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर
काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927582338, 9568869000
काशीपुर
चीमा चौराहा मो-7455045084 रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर
गुरूनानक इंटरप्राईजेज पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# महंगाई संवेदनशील मुद्दा

क्या महंगाई और मुद्रास्फीति में कोई अंतर नहीं है? तकनीकी और अर्थशास्त्र के मुताबिक, दोनों में भिन्नता है, लेकिन दोनों के बुनियादी प्रभाव समान हैं। मुद्रास्फीति ज्यादा होगी, तो बाजार में महंगाई भी अधिक होगी। महंगाई आज भी बड़ा और संवेदनशील मुद्दा है। कर्नाटक के हालिया विधानसभा चुनाव के दौरान महंगाई को करीब 40 फीसदी मतदाताओं ने मुद्दा माना था। अपनी चिंता जताई थी। जाहिर है कि उसका प्रभाव जनादेश पर भी पड़ा होगा, लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक जनवरी, फरवरी से ही खुदरा मुद्रास्फीति के कम होने के रुझानों का विश्लेषण कर रहा था, लेकिन अब मई माह बीत रहा है, बाजार की महंगाई पर कोई असर नहीं दिख रहा। तो मुद्रास्फीति महंगाई से अलग क्या है? देश की आम जनता को यह अर्थशास्त्र समझाना चाहिए। बाजार में जो वस्तु या सेवा जिस मूल्य पर मिल रही है, आम उपभोक्ता उसी के आधार पर महंगाई या सस्ती का मूल्यांकन करेगा। वैसे उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के मुताबिक, मार्च में मुद्रास्फीति 5.66 फीसदी और अप्रैल में 4.7 फीसदी तक लुढक आई थी। यही रुझान जारी रहने के आसार हैं। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने उम्मीद जताई है कि मई में मुद्रास्फीति, अप्रैल की मुद्रास्फीति से, कम हो सकती है, लेकिन सचेत और सावधान भी किय ा है, क्योंकि मुद्रास्फीति के खिलाफ युद्ध अभी समाप्त नहीं हुआ है। हम इस दोहरे कथन को समझ नहीं पा रहे हैं, क्योंकि मुद्रास्फीति भारत सरकार और केंद्रीय बैंक द्वारा तय अधिकतम सीमा 6 फीसदी से लगातार कम है। मूलभूत मुद्रास्फीति में भी नरमाई स्पष्ट देखी जा सकती है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक भी 4.5 फीसदी के स्तर पर जारी है। यह इसी 12 मई तक वस्तु और सेवाओं की लागत में परिवर्तन का सूचकांक है। सीधा आम उपभोक्ता और खर्च करने की उसकी क्षमता से जुड़ा है। आईसीआरए का भी आकलन 4.5 फीसदी के करीब का है। इनसे लगता है कि अप्रैल–जून की पहली तिमाही में मुद्रास्फीति आरबीआई की भविष्यवाणी 5.1 फीसदी से कम रहेगी, लेकिन आरबीआई का यह भी आकलन था कि 2023–24 की दूसरी और तीसरी तिमाही में मुद्रास्फीति 5.4 फीसदी तक बढ़ सकती है। मोटे मायनों में अभी महंगाई और बढ़ेगी। तो फिर मुद्रास्फीति कम होने के फायदे क्या हैं? आम आदमी को रसोई गैस का सिलेंडर आज भी करीब 1150 रुपए में मिल रहा है। गेहूं और आटा महंगे हो गए हैं। पेट्रोल और डीजल के दाम वही हैं, हालांकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल सस्ता है। हम रूस से और भी सस्ते दामों पर, वह भी भारतीय मुद्रा रुपए में, कच्चा तेल खरीद रहे हैं। दूध इसी साल 10–11 रुपए प्रति लीटर महंगा हो चुका है। दालों के खुदरा भाव भी यथावत हैं। खाद्य तेल कुछ सस्ता हुआ था, लेकिन वह भी ऊंट के मुंह में जीरा समान है। रेलवे यात्रा भी महंगी कर दी गई है। वरिष्ठ नागरिकों को किराए में जो रियायत दी जाती थी, उसे भी कोरोना काल के बाद छीन लिया गया है। आरएसएस के सरकार्यवाह (महासचिव) के अर्थशास्त्र को भूला नहीं जा सकता कि देश में 23 करोड़ नागरिक ऐसे हैं, जो रोजाना 375 रुपए कमाने में भी असमर्थ हैं। इनके अलावा, 21 करोड़ से ज्यादा भारतीय आज भी 'गरीबी–रेखा' के तले जीने को अभिशप्त हैं। महंगाई तो इस जमात को लील रही है। नासिक जैसी बड़ी मंडियों में किसान को प्याज की फसल का औसतन एक रुपया किलो का भाव नहीं मिल रहा।

# मानसून से निपटने के लिए तैयारियाॅ पूर्ण करने के निर्देश



अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।आपदा प्रबंधन के अंतर्गत आगामी मानसून सत्र की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने मानसून सत्र से निपटने के लिए सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को अभी से सभी तैयारियाॅ पूर्ण करने के निर्देश दिए बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आगामी मानसून सत्र की तैयारियों को लेकर लोक निर्माण विभाग,पीएमजीएसवाई, राष्ट्रीय मार्ग, आरईएस सहित सभी कार्यदायी संस्थाआंके अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी मोटर मार्गों की नालियों की सफाई, बन्द पडे कल्मटों आदि को खोलने की कार्यवाही मानसून से पूर्व पूर्ण कर ली जाय। उन्होंने कहा मानसून सत्र के दौरान निर्धारित स्थानों पर जेसीबी की तैनाती करते हुये वाहन चालको के मोबाईल आपदा कन्ट्रोल रूम में प्रेषित किये जाय। उन्होंने सभी अधिकारियो को निर्देश दिये कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुये कार्य किया जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिन सड़क मार्गों के आस–पास मलबा पड़ा है उसे वहां से तत्काल हटा दिया जाय बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि तहसील स्तर पर मानसून को दृष्टिगत रखते हुये कन्ट्रोल रूम स्थापित किये जाय। उन्होंने कहा कि कन्ट्रोल रूम मं नामित अधिकारियों व कर्मचारियों के नाम व मोबाईल नम्बर आपदा कन्ट्रोल रूम में प्रेषित किये जाय बैठक में जिलाधिकारी नेसिंचाई विभागकेअधिकारियो को निर्देश दिये कि 24◦7 की तर्ज पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाय और कहीं पर भी जल भराव की सूचना मिलने पर तत्काल कन्ट्रोल रूम को सूचित किया जाय। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़क मार्ग से लगे पेड़ों की लापिंग का कार्य मानसून से पहले कर लिया जाय और जो पेड़ अतिसंवेदनशील है उन्हें चिन्हित करते हुये उन्हें काटने की कार्यवाही की जायबैठक मे जिलाधिकारी ने जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्तमान मे जनपद में पेयजल आपूर्ति को सुचारू रूप से संचालित किया जाय। उन्होंने निर्देश पेयजल आपूर्ति हेतु पर्याप्त टैंकरों की व्यवस्था की जाय। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि संवेदनशील विद्यालयों का चिन्हिकरण कर सूचना तत्काल कन्ट्रोल रूम को उपलब्ध करायीजायजिलाधिकारीनेमुख्यचिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि मानसून अवधि के दौरान गृभवती महिलाओं को चिहिन्त करते हुये उन्हें आशाओं के माध्यम से नजदीकीचिकित्सालयों में भर्ती करना सुनिश्चित किया जाय साथ ही सभी चिकित्सालयों पर्याप्त मात्रा में दवाईयों की उपलब्धता रखी जाय। उन्होंने पुलिस विभाग व वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि उन्हें किसी प्रकार के उपकरणों की आवश्यकता है तो तत्काल डिमांड प्रेषित की जाय बैठक में खाद्यान्न आपूर्ति, क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों, विभागीय परिसंपत्तियों का आंकलन आदि विषयों को लेकर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। कहा कि मानसून अवधि में अधिक अलर्ट रहने की आवश्यकता है। उन्होंने बारिश के समय बंद होने वाले मोटर मार्गों को यथाशीघ्र यातायात हेतु सुचारू करने क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों का मैंटनेंस करने, बाधित विद्युत आपूर्ति को शीघ्र संचालन करने सहित अनेक आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित कियाबैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंशुल सिंह, अपर जिलाधिकारी सी0एस0 मर्तोलिया, संयुक्त मजिस्टेट रानीखेत जयकिशन सहित पुलिस, सेना, आईटीबीपी, एसडीआरएफ सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# घर के सामने खड़ी बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने विगत रात्रि घासमंडी में घर के सामने खड़ी बाईक चोरी कर ली। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में विजय पाल सिंह पुत्र रंजीत सिंह निवासी ठाकुरद्वारा फतेहगंज पश्चिमी, जिला बरेली हाल निवासी वार्ड 36, घास मण्डी ने कहा है कि 24 मई की लगभग रात्रि उसने अपनी मोटरसाईकिल संख्या यूपी 25 बीएम 0977 को घास मण्डी में अपने घर के सामने खड़ा किया था। अगले दिन सुबह बाहर आया तो देखा कि उसकी मोटर साईकिल अपने स्थान पर नहीं है। मोटर साईकिल की काफी खोजबीन की लेकिन कुछ जानकारी नही मिली। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विकासखण्डों में दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन एक जून से

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी भगवती धर्मसक्तू ने बताया कि पुखराज हैल्थ केयर प्रा0 लि0 हल्द्वानी द्वारा दिनाॅक 01 जून से प्रातः 10:30 बजे से 3:00 बजे तक मॉडल कैरियर सेन्टर क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, अल्मोड़ा तथा समस्त विकासखण्डों में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन वैलनेस एडवाईजर में सेल्स एवं मार्केटिंग के 80 नियमित पदों हेतु किया जा रहा है। जिसमें उम्र सीमा 18 से 25 वर्ष तथा शैक्षिक योग्यता 12वीं निर्धारित है। अभ्यर्थियों का चयन कम्पनी द्वारा साक्षात्कार परीक्षा के आधार पर किया जायेगा। चयनित अभ्यर्थियों को रू0 10,500 से रू0 14,500 वेतन तथा फ्री हॉस्टल सुविधा देय है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अर्ह अभ्यर्थी दिनाॅक 01 जून को प्रातः 10:30 बजे से मॉडल कैरियर सैन्टर, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय अल्मोड़ा तथा सम्बन्धित विकासखण्डों में अपने शैक्षिक योग्यता के समस्त मूल प्रमाण पत्र, छाया प्रतियों बायोडटा एवं 02 पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ उपस्थित हो सकते है उन्होंने बताया कि दिनाॅक 02 जून को विकासखण्ड कार्यालय, हवालबाग, 03 जून को विकासखण्ड कार्यालय, द्वाराहाट, 05 जून को विकासखण्ड कार्यालय, चौखुटिया, 06 जून को विकासखण्ड कार्यालय, भिकियासैंण , 07 जून को विकासखण्ड कार्यालय, सल्ट 8 जून को विकासखण्ड कार्यालय, स्याल्दे, 12 जून को विकासखण्ड कार्यालय, ताड़ीखेत13 जून को विकासखण्ड कार्यालय, धौलादेवी, 14 जून को विकासखण्ड कार्यालय, भैसियाछाना, 15 जून को विकासखण्ड कार्यालय, ताकुला एवं 16 जून को विकासखण्ड कार्यालय, लमगड़ा में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा।

# चीतों की मौत के लिए आखिर कौन जिम्मेवार ?

अफ्रीकी देशों से लाकर कूनो अभ्यारण्य में बसाए गए चीतों की लगातार हो रही मौतों से उनकी निगरानी, स्वास्थ्य और मौत के लिए आखिर कौन जिम्मेबार है ? यह सवाल बड़ा होता जा रहा है। जिस तरह से चीते अकाल मौत का शिकार हो रहे हैं, उससे लगता है, उच्च वनाधिकारियों का ज्ञान चीतों के प्राकृतिक व्यवहार से लगभग अछूता है। इसलिए एक–एक कर तीन वयस्क और तीन शावकों की मौत चार माह के भीतर हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी चीता परियोजना के लिए यह बड़ा झटका है। विडंबना है कि इन चीतों की वास्तविक मौत के कारण भी पता नहीं चले हैं।23 मई को जिस चीता शावक की मौत हुई थी, उसे जन्म से ही कमजोर बताया जा रहा था। मां का दूध भी वह कम पी रहा था। बावजूद उसके इलाज के ठोस प्रयास नहीं हुए। इलाज भी तब शुरू हुआ जब निढाल होकर वह गिर गया और निगरानी दल ने चिकित्सकों को जानकारी दी। हैरानी है कि इन चीतों की निगरानी भारतीय विशेशज्ञों के साथ दो नामीबिया के और चार दक्षिण अफ्रीका के विशेशज्ञ कूनो में डेरा डाले हुए हैं। क्या इनकी जिम्मेबारी नहीं थी कि वे इस बीमार शावक द्वारा दूध नहीं पीने के कारण को जानते और उपचार करते। इसी तरह दो शावक और मर गए। जो चौथा शावक जीवित है, उसकी हालत भी ठीक नहीं है। उसे बकरी का दूध पिलाया जा रहा है। जबकि बकरी का दूध डेंगू जैसे बुखार की स्थिति में प्लेटलेट्स बढ़ाने के लिए दिया जाता है। शावकों की मौतों पर पर्दा डालने के लिए बताया जा रहा है कि चीता शावकों की मृत्यु दर बिल्ली प्रजाति के प्राणियों में सबसे ज्यादा है। इसलिए इन मौतों को अनहोनी नहीं माना जाना चाहिए। सवाल है कि चार में से तीन शावक मर गए तो यह दर 75 फीसदी पर पहुंच गई। चौथा शावक भी जीवन और मृत्यु की अंजानी कड़ियों में झूल रहा है। तब यह स्थिति असामान्य क्यों नहीं है ? साफ है, इनका जीवन बचाने में लापरवाही बरती गई। नो मई को मादा चीता दक्षा की मौत से यह स्पश्ट है कि वन्य प्राणी विशेशज्ञों को व्यावहारिक ज्ञान नहीं है। दक्षा से जोड़ा बनाने के लिए एक साथ दो नर चीते छोड़ दिए गए। जो एक बड़ी भूल थी। बिल्ली प्रजाति के नर प्राणियों में मादा से संबंध बनाने को लेकर संघर्श और मौत आम बात है। बावजूद इनकी निगरानी नहीं की गई। इसी का परिणाम रहा कि इस जानलेवा हमले की खबर प्रबंधन को तब लगी, जब दक्षा को बचाने के प्रयास असंभव हो गए। आश्चर्य इस बात पर भी है कि जब प्रत्येक चीता के गले में कॉलर आईडी है और चीते बाड़ों में कैमरों की निगरानी में हैं, फिर भी यह चूक हुई तो कहा जा सकता है कि ईमानदारी से निगरानी की ही नहीं जा रही है। 25 अप्रैल को उदय नाम के चीते की मृत्यु हुई। इस मौत को हृदयाघात बताया गया। लेकिन सब विच्छेदन के बाद मौत का कारण संक्रमण निकला। उदय की खस्ता हालत का भी तब पता चला जब वह निढाल होकर एक ही जगह पड़ा रहा। 27 मार्च को 20 चीतों में से कूनो में सबसे पहले मादा साशा की मौत की खबर आई थी। इसकी मौत का कारण गुर्दा में संक्रमण बताया गया। यह गंभीर बीमारी नामीबिया से ही थी। यह जानकारी नामीबिया में ही भारतीय वनाधिकारियों को दे दी गई थी। बावजूद इसे लाया तो गया, लेकिन इलाज का कोई उचित प्रबंध नहीं किया गया। आखिर बीमार चीता लाने की क्या मजबूरी थी, वन प्रबंधन इस प्रश्न पर मौत के बाद से ही चुप्पी साधे हुए है, क्यों ? इन मौतों से यह आशंका प्रबल हो रही है कि 24 में से छह चीते चार माह में मर गए, तब इस परियोजना का भविश्य क्या होगा ? यदि इन मौतों को गंभीरता से नहीं लिया गया और निगरानी के पुख्ता प्रबंध नहीं हुए तो कहीं हम 75 साल पहले निर्मित हुई चीतों के संदर्भ में शून्य स्थिति पर न पहुंच जाएं ? क्योंकि जो धरती चीतों से गुलजार थी, उस पर 1947 में विराम लग गया था।दरअसल यदि अतीत में जाएं तो पता चलता है कि विदेशी चीतों को भारत की धरती कभी रास नहीं आई। इनको बसाने के प्रयास पहले भी होते रहे हैं। एक समय चीते की रफ्तार भारतीय वनों की शान हुआ करती थी। लेकिन 1947 के आते–आते चीतों की आबादी पूरी तरह लुप्त हो गई। 1948 में अंतिम चीता छत्तीसगढ़ के सरगुजा में देखा गया था। जिसे मार गिराया गया। चीता तेज रफ्तार का आश्चर्यजनक चमत्कार माना जाता है। अपनी विशिश्ट एवं लोचपूर्ण देहयश्टि के लिए भी इस हिंसक वन्य जीव की अलग पहचान थी। शरीर में इसी चपलता के कारण यह जंगली प्राणियों में सबसे तेज दौड़ने वाला धावक है। इसलिए इसे जंगल की बिजली भी कहा गया। हालांकि भारत में चीतों के पुनर्वास की कोशिशें असफल रही हैं। दरअसल, दक्षिण अफ्रीका के जंगलों से 1993 में दिल्ली के चिड़ियाघर में चार चीते लाए गए थे, लेकिन छह माह के भीतर ही ये चारों मर गए। चिड़ियाघर में इनके आवास, परवरिश व प्रजनन के पर्याप्त उपाय किये गये थे, लिहाजा उम्मीद थी कि यदि इनकी वंशवृद्धि होती है तो देश के अन्य चिड़ियाघरों व अभ्यारण्यों में ये चीते स्थानांतरित किये जाएंगे। हालांकि चीतों द्वारा चिड़ियाघरों में प्रजनन अपवाद घटना ही होती है। नतीजतन प्रजनन संभव होने से पहले ही चीते मर गए।बीती सदी में चीतों की संख्या एक लाख तक थी, लेकिन अफ्रीका के खुले घास वाले जंगलों से लेकर भारत सहित लगभग सभी एशियाई देशों में पाया जाने वाला चीता अब पूरे एशियाई जंगलों में गिनती के रह गए हैं। राजा चीता (एसिनोनिक्स रेक्स) जिम्बाब्वे में मिलता है। अफ्रीका के जंगलों में भी गिने–चुने चीते रह गए हैं। तंजानिया के सेरेंगती राश्ट्रीय उद्यान और नामीबिया के जंगलों में गिने–चुने चीते हैं। प्रजनन के तमाम आधुनिक व वैज्ञानिक उपायों के बावजूद जंगल की इस फुर्तीली नस्ल की संख्या बढ़ाई नहीं जा पा रही है। यह प्रकृति के समक्ष वैज्ञानिक दंभ की नाकामी है। जूलॉजिकल सोसायटी ऑफ लंदन की रिपोर्ट को मानें तो दुनिया में 91 प्रतिशत चीते 1991 में ही समाप्त हो गए थे। अब केवल 7100 चीते पूरी दुनिया में बचे हैं। एशिया के ईरान में केवल 50 चीते शेश हैं। अफ्रीकी देश केन्या के मासीमारा क्षेत्र को चीतों का गढ़ माना जाता था, लेकिन अब इनकी संख्या गिनती की रह गई है। बीती सदी के पांचवे दशक तक चीते अमेरिका के चिड़ियाघरों में भी थे। प्राणी विशेशज्ञों की अनेक कोशिशों के बाद इन चीतों ने 1956 में शिशुओं को जन्म भी दिया, परंतु किसी भी शिशु को बचाया नहीं जा सका। चीते द्वारा किसी चिड़ियाघर में जोड़ा बनाने की यह पहली घटना थी, जो नाकाम रही। जंगल के हिंसक जीवों का प्रजनन चिड़ियाघरों में आश्चर्यजनक ढंग से प्रभावित होता है, इसलिए शेर, बाघ, तेंदुए व चीते चिड़ियाघरों में जोड़ा बनाने की इच्छा नहीं रखते हैं। भारत में चीतों की अंतिम पीढ़ी के कुछ सदस्य बस्तर–सरगुजा के घने जंगलों में थे, जिन्हें 1947 में देखा गया था। इनके संरक्षण के जरूरी उपाय हो पाते, इससे पहले ही चीतों के इन अंतिम वंशजों का शिकार, शिकार के शौकीन राजा–महाराजाओं ने करके वन की इस तेज गति के ताबूत में अंतिम कील ठोंक दी। इस तरह भारतीय चीतों की नस्ल पर पूर्ण विराम लग गया था।हमारे देश के राजा–महाराजाओं को घोड़ों और कुत्तों की तरह चीते पालने का भी शौक था। चीता शावकों को पालकर इनसे जंगल में शिकार कराया जाता था। राजा लोग जब जंगल में आखेट के लिए जाते थे, तो प्रशिक्षित चीतों को बैलगाड़ी में बिठाकर साथ ले जाते थे। इनकी आंखों पर पट्टी बांध दी जाती थी, जिससे यह किसी मामूली वन्य जीव पर न झपटे। जब शिकार राजाओं की दृश्टि के दायरे में आ जाता था, तो चीते की आंखों की पट्टी खोलकर शिकार की दिशा में हाथ से इशारा कर दिया जाता था। पलक झपकते ही शिकार चीते के जबड़े में होता। शिकार का यह अद्भुत करिश्मा देखना भी एक आश्चर्यजनक रोमांच की बात रही होगी ?भारत के कई राजमहलों में पालतू चीतों से शिकार कराने के अनेक चित्र अंकित हैं। मुगल काल में अकबर ने सैंकड़ों चीतों को बंधक बनाकर पाला। मध्यप्रदेश में मांडू विजय से लौटने के बाद अकबर ने चंदेरी और नरवर (शिवपुरी) के जंगलों में चीतों से वन्य प्राणियों का शिकार किया। नरवर के जंगलों में अकबर ने जंगली हाथियों का भी खूब शिकार किया। ग्वालियर रियासत में सिंधिया राजाओं ने भी चीते पाले हुए थे, लेकिन चीतों को पाले जाने का शगल ग्वालियर रियासत में बीसवीं सदी के अंत तक ही संभव रहा। मार्को पोलो ने तेरहवीं शताब्दी के एक दस्तावेज का उदाहरण देते हुए बताया है कि कुबलई खान ने अपने ठिकानों पर एक हजार से भी अधिक चीते पाल रखे थे। इन चीतों के लिए अलग–अलग अस्तबल थे। चीते इस पड़ाव की चौकीदारी भी करते थे। बड़ी संख्या में चीतों को पालतू बनाने से इनके प्रकृतिजन्य स्वभाव पर प्रतिकूल असर तो पड़ा ही, इनकी प्रजनन क्रियाओं पर भी बेहद प्रतिकूल असर पड़ा। गुलामी की जिंदगी गुजारने व सईस के हंटर की फटकार की दहशत ने इन्हें मानसिक रूप से दुर्बल बना दिया, जिससे चीतों ने विभिन्न शारीरिक क्रियाओं में रुचि लेना बन्द कर दिया। जब चाहे तब भेड़–बकरियों की तरह हांक लगा देने से भी इनकी सहजता प्रभावित हुई। चीतों की ताकत में कमी न आए इसके लिए इन्हें मादाओं से अलग रखा जाता था। बैलों की तरह नर चीतों को बधिया करने की क्रूरताएं भी राजा–महाराजाओं ने खूब अपनाईं। इन सब कारणों से जंगल की इस बिजली की रोशनी मंद पड़ती गई और इक्कीसवीं शताब्दी के मध्य के आसपास एशिया भर में बुझ भी गई। कूनो में चीतों की जरूरत से ज्यादा तकनीक आधारित निगरानी भी इनकी मौत का कारण बन रही है।

**प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# भाविप ने किया मेधावी छात्रों को सम्मानित

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर के सरस्वती विधा मंदिर इण्टर कालेज सितारगंज के मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह विधा मंदिर इण्टर कालेज के सभागार में भारत विकास परिषद के नेतृत्व में र्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। हाईस्कूल परीक्षा में निखिल मौर्या ने 97-8/,गुंजन जोशी ने 97-4/,नितिश साहू ने 97-2/,देवेश जोशी ने 95-8/ अंक प्राप्त कर प्रदेश में क्रमशः 6,8,9,16 रैंक में टाप 20 में स्थान बनाया।इण्टरमीडिएट परीक्षा में राज मिश्रा 96-5/ अंक प्राप्त कर प्रदेश में तृतीय स्थान,अनिर्क समद्दार 95-6/ रैंक 7 मोहित पाण्डे 95-4/ रैंक 8 साक्षी देवल 94-6/ रैंक 12 प्राप्त कर प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।प्रान्तीय महासचिव नरेश कंसल ने मेधावी छात्रों को और अधिक परिश्रम कर भविष्य में प्रदेश के साथ साथ देश में टाप 5 में स्थान बनाने की प्रेरणा दी। प्रान्तीय मिडिया प्रभारी महेश मित्तल ने कहा कि मेहनत कभी भी व्यर्थ नहीं जाती और जो बच्चा निरन्तर मेहनत कर उच्चतम प्रदर्शन करता है वही समाज में अपनी अलग पहचान बनाता है। विधालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह जोशन ने विधालय के गुरुजनों का आभार जताया कि उनकी कठिन मेहनत व परिश्रम से बच्चों ने विधालय का परिवार का और प्रदेश का नाम रौशन किया।इस मौके पर प्रान्तीय महासचिव नरेश कंसल,प्रान्तीय प्रकल्प,प्रान्तीय प्रकल्प संयोजक व विधालय के अध्यक्ष अजीत सिंह जोशन प्रान्तीय मिडिया प्रभारी महेश मित्तल, संरक्षक पवन बड़सीवाल, अध्यक्ष सुरेश जैन,कोषाध्यक्ष मनीश मित्तल, एडवोकेट अनन्त प्रकाश शुक्ला ,हिमांशु सिंघल,शिवपाल सिंह चौहान, राकेश त्यागी,मोहन कुमार,राजू हरियाणवी ,सरोज कंसल,महिला संयोजिका सीमा सिंघल,विधालय प्रबंध समिति के प्रबन्धक राजकुमार चौहान,कोषाध्यक्ष नवीन गोयल,राजेन्द्र मित्तल प्रधानाचार्य उमराव सिंह मनराल आदि मौजूद रहे।





# एमपी इंटर कालेज में पांच दिवसीय थियेटर कार्यशाला शुरू

रामनगर (उद संवाददाता)। रचनात्मक शिक्षक मंडल की पहल पर गर्मियों की छुट्टियों में स्कूली बच्चों के लिए होने वाली थियेटर कार्यशाला एम पी इंटर कालेज में शुरू हो गई है।पांच दिवसीय कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन पी एन जी पी जी महा विद्यालय के प्राचार्य प्रो एम सी पांडे ने किया। अपने वक्तव्य में प्रो पांडे ने कहा रंगमंच अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। शिक्षा में थिएटर की महत्ता बताते हुए कहा कि नाट्य कला से सीखने और सिखाने की विधा सरल हो जाती है । नाटक के माध्यम से शिक्षण कार्य रोचक हो जाता है, बच्चों को कोई भी विषय समझने में भी आसानी होती है। महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रो जी सी पंत ने कहा थिएटर जीवन कला के साथ सजीवता और मानवता से जुड़ी विधा है। यह जीवन के विविध रंगों को मंच पर प्रस्तुत कर सकती है। थिएटर में सभी कलाओं और कौशल का समावेश होता है। इस विधा से बच्चों में गहरे भाव और विचारों की अभिव्यक्ति होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एम पी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य संजीव शर्मा ने कहा नाट्य कला के माध्यम से शिक्षण बच्चों को असीम ऊर्जा का उपयोग सही दिशा में कर उनके व्यक्तित्व में संतुलन लाने में सहायक होगा। जीवन के विविध रंगों को समझने पर ही छात्र-छात्राएं आगे चलकर आदर्श समाज के निर्माण में योगदान कर सकेंगे।दिल्ली से आई पांच सदस्यीय थियेटर टीम के मुखिया धनंजय ने कहा रंगमंच किसी भी बच्चे का सर्वांगीण विकास ही नहीं करता बल्कि बच्चे के सामाजिक मेलजोल को भी मानसिक तौर पर मजबूत बनाता है।टीम में सचिन शर्मा, सुंपी बोरा,अंतरिक्ष शर्मा, नंदिनी लवन्या मौजूद हैं।टीम द्वारा पास द क्लैप,ट्रेफिक लाइट समेत अन्य अभ्यासों व गीतों के जरिए थियेटर की बारीकियां सिखाई गई। कार्यक्रम संयोजक नंदराम आर्य ने बताया कि आई हुई सांस्कृतिक टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जनगीतों की सांस्कृतिक संध्या का भी रोजाना आयोजन किया जाएगा। आज ज्योतिबा फुले सायंकालीन स्कूल पुछड़ी में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।ढेला, पटरानी के बच्चों के लिए जी आई सी ढेला में इन्हीं पांच दिनों में थियेटर कार्यशाला हो रही हैं,वहां 30बच्चे प्रशिक्षण ले रहे हैं।इस मौके पर नवेंदु मठपाल,सुभाष गोला,बालकृष्ण चंद, हरिशंकर ममगाई,एडवोकेट विक्रम मावड़ी,सुमित कुमार,हेमा जोशी मौजूद रहे।



# अवैध बंदूक और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

नानकमत्ता। पुलिस ने 12 बोर की बंदूक और जिंदा कारतूस के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से बंदूक जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव पुलिस बल के साथ नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक गांव में अवैध बंदूक लिए घूम रहा है। थानाध्यक्ष ग्राम टुकड़ी में पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर आरोपी की घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 12 बोर की अवैध बंदूक एक जिंदा कारतूस बरामद की। पुलिस ने पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ग्राम टुकड़ी निवासी बलजीत सिंह पुत्र बचन सिंह बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कोर्ट में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया। पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव, एसआई लक्ष्मण सिंह, एसआई संजय कुमार, नवीन जोशी आदि पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# मेडिकल कॉलेज भवन के बाहर से बाइक चोरी

काशीपुर(उद संवाददाता)। मेडिकल कॉलेज भवन के बाहर से अज्ञात चोरों ने ताला बंद मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की प्राथमिकी दर्ज कर चोरों का पता लगाना शुरू किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम सापुर, थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी जाकिर पुत्र शाहिद ने बताया कि वह जीवन रेखा मेडिकल कॉलेज भवन में शटरिंग का कार्य करता है। बीते 27 मई को उसने रोजाना की भांति अपनी काले रंग की प्लैटिना मोटरसाइकिल संख्या यूपी 21 बी सी/6645 मेडिकल कॉलेज भवन के बाहर लॉक लगाकर खड़ी कर दिया था लेकिन कुछ देर बाद जब देखा तो मौके से मोटरसाइकिल गायब थी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर चोरों का पता लगाना शुरू कर दिया है।

**आसान नहीं है सावरकर हो जाना...**

आसान नहीं है हर किसी का, यूं ही सावरकर हो जाना,
राष्ट्रभक्ति में जीना हो या फिर, तिल-तिल कर मर जाना।
आसान नहीं है हर किसी का ...
खोई जिसने बचपन में हो, अपनी ही माता की ममता,
और खोया संग पिता का साया, कैसी झेली होगी वो विपदा।
पाला व पोसा भाई गणेश ने, बनी सहारा भार्या यमुना,
निकल पड़ा करने साकार, अखण्ड भारत का सपना
आसान नहीं है हर किसी का ...
गदर नहीं प्रथम था वह, स्वतंत्रता पाने का संग्राम,
लिखी पुस्तक सावरकर ने, दिया ऐतिहासिक प्रमाण।
जला विदेशी कपड़ों की होली, स्वाधीनता का पर्व मनाना,
क्रांति का तब करके आह्वान, अभिनव भारत बनाना
आसान नहीं है हर किसी का ...
जहाज से कूदे, पकड़े छूटे, पर नहीं छूटी देशभक्ति,
हे सागरा प्राण तळमळला, हेतु लगाते रहते युक्ति।
पोर्ट ब्लेयर जेल में दोहरा, आजन्म कारावास का पाना,
कोल्हू के बैल की तरह नित, भूखे पेट तेल निकालनाघ
आसान नहीं है हर किसी का ...
दस साल तक काला पानी की, पा सजा जमानत थी पाई,
हिंदुत्व व राष्ट्रवाद की तब, तुमने नई ज्योत जलायी।
हिंदी, हिंदू, हिंदुस्तान का नारा, लगाकर अलख जगाना।
अंतिम पल तक माँ भारती, की गाथा को लिखते रहना
आसान नहीं है हर किसी का ... -डॉ. राजेश्वर उनियाल

# आरएएन स्कूल में प्रोजेक्ट तितली का भव्य शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल में 'विश्व महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता दिवस पर रोटरी कल्ब व नगर निगम के सौजन्य से प्रोजेक्ट तितली का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेयर रामपाल सिंह, डॉ. अनुराग गर्ग एवं डॉ.सारिका गर्ग, रोटरी कल्ब के अध्यक्ष जगदीश बिष्ट एवं सचिव सुनील सोनी उपस्थित रहे। उन्होने इस दिवस के अवसर पर महिलाओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति सचेत रहने के लिए प्रेरित किया और इस विषय पर ठोस कदम उठाने की सलाह दी। तत्पश्चात् विद्यालय संस्थापक विंग कमाण्डर एच.के.राय , प्रबंधक मोहित राय, संचालिका श्रीमती निधि राय तथा प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट तथा मुख्य अतिथि की उपस्थिति में सैनिटरी नैपकिन वैडिंग मशीन का उद्घाटन किया गया। आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल के इन्टरैक्ट कल्ब के बच्चों एवं एन.सी.सी केडेटस के द्वारा की गई पहल की सराहना मुख्य अतिथि राम पाल,एवं सभी गणमान्य अतिथिगण ने की।





# एनडीपीएस में आरोपी को किया दोषमुक्त

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार खुल्बे ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के फैसले को बरकरार करने के आदेश पारित किए। एनडीपीएस एक्ट में पंकज जोशी के विरुद्ध मामला क्षुब्ध होकर प्रस्तुत करने पर आरोपित को दोषमुक्त कर दिया है। अवर न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपित पंकज जोशी पुत्र दिनेश चंद्र निवासी भटखोला, तहसील रोड के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में उसे दोषमुक्त किया था। 26 मई 2021 को कोतवाली पुलिस ने कोविड-19 महामारी के दौर में चल रहे लाकडाउन के समय तीन आरोपितों को पैदल चलते देखा। उनका नाम पूछा। जिसमें पंकज जोशी, पंकज कुमार, मोहन राम, सचिन दानू बताया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में तीनों की तलाशी राजपत्रित अधिकारी के समक्ष ली। पंकज जोशी से पन्नी में 4.71 ग्राम, पंकज से 4.24 ग्राम और सचिन से 4.00 ग्राम चरस बरामद की। तीनों आरोपितों के विरुद्ध मामला पंजीकृत किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में सात ग्वाह परीक्षित कराए गए थे। पंकज जोशी को न्यायालय ने दोषमुक्त कर दिया। आदेश के विरुद्ध जिला सत्र न्यायालय में अपील की गई। गुरुवार को जिला सत्र न्यायाधीश ने भी आरोपित को दोषमुक्त करने का फैसला सुनाया। राज्य की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता गोविंद बल्लभ उपाध्याय और सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंचल सिंह पपोला ने पैरवी की।

## पेज एक का शेष...

**नये भारत के उदय की गवाह.....**

विकास से दुनिया को भी आगे बढ़ाएगी। नई संसद आत्मनिर्भर भारत के उदय की गवाह बनेगी। उन्होंने नया भारत भारत आज नया लक्ष्य तय कर रहा है।नई संसद में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि पूरा देश आज इस पल का गवाह बन रहा है। मैं पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं जिनके नेतृत्व में ढाई साल के भीतर इस नई संसद का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा, इस अमृत काल में विश्व में भारत का मान बढ़ा है। हमारी संसद आंतरिक और वैश्विक चुनौतियों को अवसरों में बदलने की क्षमता रखती है। लोकतंत्र हमारे मजबूत भविष्य की नींव है। अनेकता में एकता हमारी ताकत है। मुझे विश्वास है कि नई संसद में नया माहौल नए विचारों को जन्म देगा। हमें अपनी संसदीय प्रणाली के अच्छे सिद्धांतों को आगे बढ़ाना चाहिए। पीएम मोदी ने संसद के नए भवन के उद्घाटन के अवसर पर स्मारक डाक टिकट जारी किया। इसके साथ ही, उन्होंने 75 रुपये का सिक्का भी जारी किया।

**अभिनेता अक्षय कुमार ने......**

पुलिस-प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान उनकी एक झलक पाने को स्थानीय लोगों की भी खासी भीड़ जुटी रही। अक्षय कुमार ने कहा कि जागेश्वर धाम अलौकिक है। हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को यूं ही देवभूमि नहीं कहा जाता। इसके बाद अक्षय कुमार बदरीनाथ धाम के दर्शन के लिए पहुंचे। अभिनेता अक्षय कुमार पिछले कई दिनों से उत्तराखंड में हैं। इससे पहले वह बाबा केदार के दर्शन के लिए पहुंचे थे। आपको बता दे की भगवान शिव विश्वंभर नाथ का प्रथम ज्योतिर्लिंग देवभूमि हिमालय के जागेश्वर में स्थित है। जागेश्वर का प्राचीन मृत्युंजय मंदिर धरती पर स्थित बारह ज्योतिर्लिंगों का उद्गम स्थल है। यहां 125 देवी देवताओं का समूह स्थापित है, हर वर्ष यहां बड़ी संख्या में लोग सावन के महीने में जागेश्वर धाम पहुंचते है, और भगवान भोलेनाथ को दूध, जल चढ़ाते हैं और पूजा अर्चना कर मन्नत मांगते हैं, मान्यता है की जागेश्वर धाम में विराजमान भगवान शिव मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

**करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले....**

आगे की कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में पता चला कि आरोपियों द्वारा अन्य कई लोगों से भी जमीन के मामले में ठगी की गई है। पूरे मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। उन्होंने बताया कि पांच लोगों से करीब एक करोड़ से अधिक की जमीन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है।

**धोखाधड़ी के आरोपी जीजा....**

दबिश दी गई तो विपिन द्वारा जानबूझकर धर्मेंद्र को भागने में मदद की गई। चूंकि अभियुक्त के रिश्तेदार साले विपिन द्वारा जानबूझकर गिरफ्तारी से बचने हेतु अभियुक्त धर्मेंद्र को अपने घर मे शरण दी गई तथा गिरफ्तारी से बचने हेतु भागने में सहयोग किया गया। जिस पर विपिन को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां न्यायालय द्वारा विपिन का 14 दिवस रिमांड स्वीकार कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। चौकी प्रभारी नीमा बोहरा ने बताया कि नामजद अभियुक्त धर्मेंद्र उर्फ अमित मलिक की गिरफ्तारी हेतु तलाश जारी है।

**युकांईयों ने फूंका प्रदेश सरकार...**

कोऑर्डिनेटर सचिन राठौर व पूर्व राजेन्द्र बिष्ट ने कहाँ सरकार अतिक्रमण के नाम पर गरीबों की छतों को उड़ाने का काम कर रही है जबकि गरीबों उजाड़ने से पहले बसाने की योजना बनानी चाहियें। काग्रेस नेता सन्दीप भैसोड़ा व मोनू चौहान ने कहाँ जनता पानी के लिये जनता दर दर की ठोकरें खा रही अधिकारी लापरवाही बरत रहे है।पुतला दहन करने वालों में अंकुश कुमार, मयंक गोस्वामी, जतिन अग्रवाल, सचिन राठौर, साहिल राज, कैलाश कोहली, राजकुमार राजेश कुमार आदि थे।

**एक सप्ताह में करें लंबित....**

कराएं । उन्होंने कहा अवैध नशे की रोकथाम व बिक्री पर अंकुश लगाने के लिये तस्करों की धरपकड करें। उन्होंने बताया कि पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र द्वारा धोखाधड़ी से संबंधित अभियोगो की स्वयं प्रत्येक माह समीक्षा की जा रही है। अतः सभी विवेचक इस ओर ध्यान दें कि उनके पास 420 आईपीसी से संबंधित जो भी एक माह अथवा 2 माह से अधिक समय से लंबित चल रहे हैं तत्काल निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त 1 माह से अधिक लम्बित जांच प्रार्थना पत्रों का भी 3 दिवस में निस्तारण करें। गुण्डा एस पी सिटी ने कहाअधिनियम एवं गैंगस्टर अधिनियम के अन्तर्गत अपराधियों का चिन्हिकरण कर अभियोग पंजीकृत कर अधिक से अधिक कार्यवाही करें। चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में चेकिंग कर अधिक समय बाहर क्षेत्र में घूमेंगे तथा उच्चाधिकारियों द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में थाना क्षेत्रों में संदिग्ध तथा बिना सत्यापन के रह रहे लोगों के सत्यापन/चिन्हीकरण की कार्यवाही करें।थाना क्षेत्रों में रह रहे नशेड़ीयों संदिग्धों को चिन्हित कर उनका डोजियर तैयार करें तथा किसी प्रकार के अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर कार्यवाही करें।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


CONSTRUCTING HAPPINESS
GABA HOUSING PVT. LTD.
RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
125 YARD DUPLEX VILLA
₹ 46L
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
घर आपका... COLOUR आपकी पसंद का
घर आपका... TILES आपकी पसंद की
FREE
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर,
86504-18000